# राष्ट्रीय सेवा भारती

सेवा सागर

www.rashtriyasewabharati.org | वर्ष 2023, कृष्ण पक्ष (बैशाख) विक्रम संवत - 2080, अप्रैल | ई बुलेटिन : मासिक पत्रिका


## भूमि पूजन से राष्ट्रीय सेवा संगम 2023 का शुभारम्भ






दिनांक 9 मार्च 2023 जयपुर स्थित केशव विद्यापीठ, जामडोली में राष्ट्रीय सेवा भारती के पंचवर्षीय राष्ट्रीय सम्मेलन राष्ट्रीय सेवा संगम के निमित्त भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से 1000 से अधिक संस्थाओं से लगभग 4000 प्रतिनिधियों के साथ अनेकों सेवा प्रेमी, प्रसिद्ध उद्योगपति, पूजनीय संत, खेल और कला जगत से गणमान्य लोग सम्मिलित होंगें।

## राष्ट्रीय सेवा संगम प्रेस कांफ्रेंस

दिनांक 21 मार्च 2023 प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया, दिल्ली में राष्ट्रीय सेवा संगम से जुड़ी जानकारी मीडियाकर्मियों के साथ साझा की गई। इस कार्यक्रम में सेवा भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री पन्नालाल जी भंसाली एवं महामंत्री श्रीमती रेनू पाठक जी ने पत्रकारों को संबोधित किया।



## एक सप्ताह देश के नाम — जागरण




इंदौर (विसंकें)। सेवांकुर भारत संस्था का 'एक सप्ताह देश के नाम' उपक्रम गतवर्ष से देश के विभिन्न क्षेत्रों में संपन्न हुआ है। इस वर्ष यह उपक्रम मध्यप्रदेश के झाबुआ शिवगंगा प्रतिष्ठान के परिसर में 23 मार्च से लेकर 29 मार्च तक संपन्न हुआ। इस उपक्रम के अंतर्गत देशभर से आए वैद्यकीय विद्यार्थी और चिकित्सक सात दिन वनवासी क्षेत्र का अनुभव लेते हैं और अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। इस अनूठे उपक्रम का समापन समारोह मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल द्वारा इंदौर स्थित रवींद्र नाट्यगृह में 29 मार्च को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. जयंतीभाई भाडेसिया (पश्चिम क्षेत्र संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), अशोक जी सोहनी (मध्यक्षेत्र संघचालक, रा. स्व. संघ) और अशोक जी खंडेलवाल (वाइस चान्सलर, इंदौर यूनिवर्सिटी) उपस्थित रहे. मंच पर 'एक सप्ताह देश के नाम' उपक्रम के प्रमुख डॉ. राजेश पवार, सह प्रमुख डॉ. आरती रोजेकर और डॉ. किरण अल्हाट भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं परिचय से हुआ। सेवांकुर भारत संस्था का परिचय डॉ. नितिन गादेवाड (संयोजक, सेवांकुर भारत) ने दिया। सन् 1989 में संघ से प्रेरित युवा चिकित्सकों ने समाज में कम दरों पर अत्याधुनिक और समाजाभिमुख चिकित्सा सेवा देने हेतु सेवांकुर उपक्रम प्रारम्भ किया था। संभाजीनगर स्थित डॉ. हेडगेवार रुग्णालय, सेवांकुर भारत की मातृसंस्था है।

वनवासी क्षेत्र में अपने देश के बंधुओं के बीच रहकर वैद्यकीय विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता का संस्कार देने के प्रयास सेवांकुर संस्था करती है। संवेदनशील एवं समाजाभिमुख वैद्यकीय चिकित्सक देश के हित में तैयार करना, सेवांकुर का उद्देश्य है।

परिचय के पश्चात वनवासी क्षेत्रों में गए विद्यार्थियों ने यात्रा का अनुभव कथन किया।

जयन्तीभाई भाड़ेसिया ने कहा कि सेवांकुर भारत संस्था ने मेडिकल क्षेत्र में एक अनूठी पहल शुरू की है, जिससे समाज को अपेक्षाएं हैं।

अशोकजी सोहनी ने कहा कि ऐसे उपक्रम अन्य प्रांत में भी होने चाहिए।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि इस उपक्रम के माध्यम से सेवा का ये बीज हर चिकित्सक में जाना चाहिए।

अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. राजेश पवार ने किया और राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पैलिएटिव केयर उपचार





### केरल प्रान्त

बुजुर्गों की रक्षा परिवार का कर्तव्य भी है और समाज का भी। सेवाभारती पानाथड़ी इकाई के नेतृत्व में पैलिएटिव केयर उपचार, पानाथड़ी पंचायत में आने-जाने में कठिनाइयों और भर्ती हुए रोगियों को साप्ताहिक रूप से मिलने, चिकित्सा परीक्षण करने और स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। रविवार 12 मार्च 2023 को सेवाभारती की टोली ने पंचायत के वार्ड 15 पूड़ाम, कल्लादुक्कम, वेल्लाकल्लू, पन्नाथड़ी, मायाठी, थाचर कड़वु क्षेत्र में चौदह घरों का दौरा किया।

## सेवा को तत्पर प्रतिपल

## आपदा प्रबंधन

संघ, सेवा भारती और बजरंग दल....सेवा को तत्पर प्रतिपल
इंदौर में श्रीरामनवमी के दिन बेलेश्वर मंदिर में बावड़ी में गिरने से लगभग तीन दर्जन श्रद्धालुओं की दुःखद मृत्यु हो गई है। कुछ श्रद्धालु अस्पताल में उपचाररत है।

जब इंदौर में यह घटना हुई तो तुरंत संघ,सेवा भारती और बजरंग दल के 150 से अधिक कार्यकर्ता राहत एवं बचाव कार्य के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने बचाव दल के साथ मिलकर भारी कार्य जैसे पाइप निकालना, बावड़ी से निकल रहें मलबे, पत्थरों और फर्शियों को व्यवस्थित बाहर निकालने, भीड़ को नियंत्रित करने जैसे कार्य किए।

वहीं संघ के कार्यकर्ताओं व बजरंग दल ने मिलकर राहत एवं बचाव दल तथा श्रद्धालुओं के परिजनों के लिए अल्पाहार व चाय की व्यवस्था,अपनो की प्रतीक्षा में व्याकुल,परिजनों को ढांढस बनाने का कार्य किया।

बावड़ी से निकल रहे शवों व घायलों को तुरंत MY अस्पताल पहुंचाने के लिए भीड़ को नियंत्रित करने का कार्य संगठनों के कार्यकर्ताओ ने मिलकर किया तथा MY में सभी तरह की उपचार व्यवस्था में सहयोग - समन्वय का कार्य सेवा भारती की इंदौर इकाई के कार्यकर्ताओ ने प्रतिपल किया।

...दुर्भाग्यवश जब मृत्यु का आँकड़ा बढ़ने लगा तो शमशान में जाकर संघ व सेवा भारती के कार्यकर्ताओं ने वहां की व्यवस्था संभाली, वज्रपात को सहन करने का सामर्थ्य देने हेतु अथवा अपने परिजनों को इस तरह खोने के कारण दुःखी परिजनों को ढांढस बंधाने और अल्पाहार इत्यादि की व्यवस्था की।





## कौशल विकास के लिए पाठशाला

“कपड़े पर टाई एंड डाई पैटर्न बनाने की कार्यशाला का आयोजन कर लोगो को दिया जा रहा है तकनीकी प्रशिक्षण।”



### तेलंगाना प्रान्त

कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को टाई एंड डाई पैटर्न बनाने का प्रशिक्षण दिया गया

## किशोरी संगम 2023



### कर्नाटक उत्तर प्रान्त

कर्नाटक उत्तर प्रान्त में किशोरी संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें 400 किशोरियों, 35 शिक्षिका एवं 90 मातृशक्तियों ने सहभागिता की।

## 'हम पर हँसो मत, हमारे साथ हँसो'

### कर्नाटक दक्षिण प्रान्त



नचिकेता स्कूल में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष संसाधन, प्रशिक्षित शिक्षक और सहायक हैं।यहां म्यूजिक थेरेपी, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, डेली क्लासेस और एक्टिविटीज बच्चों के विकास में अहम भूमिका निभाती हैं।विशेष आवश्यकताओं वाला हर बच्चा अद्वितीय है और इस स्कूल का प्रबंधन और स्कूल सचिव श्री नरसिम्हा शेनॉय सर प्रबंधन बोर्ड के साथ उनकी समस्या पर चर्चा करके माता-पिता की मदद करते हैं। उम्मीद है कि हमारे बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए इस स्कूल के निरंतर प्रयास इस संस्था के आदर्श वाक्य 'हम पर हँसो मत, हमारे साथ हँसो' के साथ संचालित रहेगा।यह विशेष बच्चों के माता-पिता के लिए एक बड़ी राहत है और नचिकेता हमारे जीवन में प्रकाश की एकमात्र किरण है।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण भविष्य निर्माण में सहायक




### मालवा प्रान्त

**जिला धार में आरंभ हुआ नि:शुल्क कंप्यूटर केंद्र**

समाज के आर्थिक रूप से असक्षम वर्गों को बेसिक कंप्यूटर शिक्षा देकर स्वरोजगार या नौकरी के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से धार जिले के वाकणकर भवन में नि:शुल्क कंप्यूटर सेंटर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री योगेश जी शर्मा (मालवा प्रांत सेवा प्रमुख) एवं मुख्य अतिथि धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा उपस्थित थे। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया इंदौर रीजन के सानिध्य में धार नगर के प्रबुद्ध समाज जन संघ पदाधिकारी एवं मातृशक्ति की उपस्थिति भी रही। इस अवसर पर विशेष रूप से सेवा भारती द्वारा वर्ष भर में किए गए सेवा कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई।

## विधिक ज्ञान गोष्ठी का आयोजन



### अवध प्रान्त

सेवा भारती के माध्यम से रायबरेली जिले में विधिक ज्ञान गोष्ठी का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी अधिवक्ता और अन्य सामाजिक क्षेत्रों से आए भाई बहनों को सेवा भारती का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनसे यह आह्वान किया गया कि वे अपने व्यस्ततम समय से कम से कम 1 दिन अपने आसपास की सेवा बस्ती में जाकर वहां रह रहे समाज को अपनी विधिक सहायता प्रदान करें ताकि वह भी अपने अधिकारों के प्रति जागरुक हो सकें।

## सेवा क्लिनिक का हुआ उद्घाटन

### अरुणाचल प्रदेश प्रान्त




सेवा भवन पासीघाट में सेवक यूनिट का उद्घाटन किया गया। क्लीनिक का उद्घाटन श्री कलिंग माननीय विधायक 38वीं पासीघाट पूर्व विधायक सभा क्षेत्र द्वारा किया गया। सेवा करने के माध्यम से निम्न आयु वर्ग के रोगियों को न्यूनतम घर में उपचार किया जाएगा, साथ ही नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा। बीसीपाली पासीघाट तग्गू ने इस पहल की सराहना की और सुझाव दिया कि क्लीनिक में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की योजना भी करवाना चाहिए। जिससे रोगियों को न्यूनतम लागत में गुणवत्ता की दवाइयां प्राप्त हो सके।

## सेवा समाचार

### जयपुर प्रान्त:

सेवा भारती समिति द्वारा 11 मार्च को यशोदा बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र रोड नंबर 17 पर किया गया। इसमें श्रमिक परिवारों के 3 से 5 वर्ष के बच्चों की सुबह 8 बजे से 5 बजे तक देखभाल की जाएगी। पुस्तकों के माध्यम से संस्कारित किया जाएगा।

## संस्कार केंद्र में राष्ट्रीय नववर्ष पालन



### ओड़िसा पूर्व प्रान्त

**उत्कल विपन्न सहायता समिति के द्वारा परिचालित संस्कार केन्द्रों के बच्चों ने राष्ट्रीय नववर्ष आनंदपूर्वक मनाया**

दिनांक 22 मार्च 2023 प्रातः 6:00 बजे शंख ध्वनि के साथ राष्ट्रीय नववर्ष का उत्सव प्रारंभ किया गया। 26 केन्द्रों के बच्चों और शिक्षिकाओं ने मिलकर रंगोली और भारत माता के चित्र को सजाया। उसके पश्चात् सभी केंद्रों पर बच्चों ने मिलकर भारत माता का पूजन किया एवं देश भक्ति गीत उत्साह के साथ गाये। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम समापन हुआ।

## दिशा - प्रतियोगी परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



### मालवा प्रान्त

सेवा भारती का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कार्यों और स्वावलंबन के माध्यम से संपूर्ण और एकीकृत ग्रामीण एवं बस्ती क्षेत्रों का विकास करना है। शाजापुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु दिशा अभ्यासिका का शुभारंभ दयानंद सरस्वती में किया गया। सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े, विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रछात्राओं को प्रशासनिक सेवा के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तैयारी करवाने के उद्देश्य से जहाँ आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं के लिए विभिन्न प्रशासनिक परीक्षाओं एसएससी व व्यापम (व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाओं) की तैयारी के लिए अनुभवी शिक्षकों की टीम द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में श्री नारायण प्रसाद जी पांडे अभिभाषक संघ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के साथ साथ शिक्षक, छात्र, छात्राएं व गणमान्य उपस्थित रहे।

## माधव चिकित्सालय (OPD) का शुभारम्भ




### मालवा प्रान्त

**नानाखेड़ा उज्जैन में आरंभ हुआ ओपीडी समाज को शिक्षित एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित करने के उद्देश्य से नानाखेड़ा स्थित रामचंद्र की बावड़ी पर माधव चिकित्सालय की ओपीडी का शुभारंभ हुआ।**

ओ.पी.डी. (बाहर रोगी विभाग) की भूमिका किसी भी रोग की प्रारंभिक स्तर पर ही पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण होती है। अतः इस विभाग के माध्यम से रोगियों को चिकित्सा परामर्श और अन्य सेवाएं सुविधा पूर्वक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से माधव सेवा न्यास सेवा भारती के संयुक्त प्रयासों से ओपीडी का संचालन आरंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत प्रचारक राजमोहन जी, मुख्य अतिथि एसपी श्री सत्येंद्र कुमार जी शुक्ल संघ व सेवा भारती के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र के रहवासी उपस्थित थे।

## सेवा समाचार

### जोधपुर प्रान्त

**सेवा भारती अनूपगढ़** द्वारा सांसी बस्ती में हेयर कटिंग प्रशिक्षण केंद्र, बाजीगर बस्ती में स्वावलंबन के अंतर्गत एक स्थानीय बन्धु के चाय और नाश्ता स्टॉल एवं ढोली बस्ती में सेवा भारती लेडीज सूट बिक्री केंद्र का शुभारंभ संघ के अखिल भारतीय पदाधिकारी आदरणीय दुर्गा दास जी भाई साहब के कर कमलों द्वारा किया गया। बस्ती में सूट बिक्री केंद्र से थाने बंधुओं को कपड़ा व्यवसायी बनने का प्रशिक्षण मिलेगा तथा सिलाई प्रशिक्षण से महिलाओं को लेडीज सूट बिक्री करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अंत में बस्ती वासियों तथा शहर वासियों के साथ आदरणीय दुर्गा दास जी भाई साहब के सानिध्य में सह भोज का आयोजन संपन्न हुआ।

## कुष्ठ रोगियों के लिए नि:शुल्क कैंप

### मेरठ प्रान्त

सेवा भारती जिला धामपुर के माध्यम से समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा कुष्ठ रोगियों के लिए धामपुर नगर में नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें रोगियों का परीक्षण कर के उपचार किया गया।



## नवजात शिशु का किया नामकरण संस्कार

### ब्रज प्रान्त

**सेवा भारती समिति अनूपगढ** के कार्यकर्ताओं ने मामा बनकर बस्ती के एक **नवजात शिशु** का विधि विधान से **हवन करवाकर नामकरण संस्कार** करवाया।



## बाल संस्कार केंद्रों का वार्षिक उत्सव

### जयपुर प्रान्त

सेवा भारती, डीडवाना द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्रों का वार्षिक उत्सव मनाया गया। मां भारती व सरस्वती माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन पधारे हुए अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही दीप मंत्र का वाचन संस्कार केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों द्वारा किया गया। मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सेवाभारती के कार्यकर्ताओं द्वारा पधारे हुए अतिथियों का स्वागत दुप्पटा व स्मृति चिन्ह भेंट कर के किया गया। कार्यक्रम के आगे के क्रम में सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्रों में पढ़ने वाले बालक - बालिकाओं द्वारा देश भक्ति गीतों पर सुन्दर नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के हाथो से संस्कार केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को उपहार वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री श्री स्वरुपदान जी ने बताया की सेवा भारती किस तरह से समाज के वंचित वर्ग में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रही है।



## स्मार्ट क्लास का शुभारंभ



### दिल्ली प्रान्त

पूर्वी दिल्ली के गांधीनगर में एक और स्मार्ट क्लास का शुभारंभ हुआ, सेवा भारती प्रतिबद्ध है तकनीक के माध्यम से शिक्षा को जन साधारण जिनके पास साधन की कमी है उन तक पहुंचने के लिए।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



### मध्य भारत प्रान्त

सेवा भारती लश्कर ग्वालियर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

## सेवा समाचार

**चित्तौड़ प्रान्त :** इटावा तहसील के करवट ग्राम में सेवा भारती द्वारा संचालित बालसंस्कार केंद्र पर वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेंद्र रेगर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि राम रतन सुमन रहे एवं विशिष्ट अतिथि मृत्युंजय सिंह हाडा रहे। कार्यक्रम में देश भक्ति गीत, कविता, भजन, नृत्य आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अतिथियों ने पुरस्कार वितरण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया संचालन शिक्षिका बसंती रेगर ने किया।

## सिलाई एवं बुनाई केंद्र का शुभारंभ



**हिमाचल प्रान्त:** दिनांक 12/03/2023 को सेवा भारती जिला इकाई सोलन द्वारा एक सिलाई एवं बुनाई केंद्र का शुभारंभ ओछघाट पंचायत मे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे श्री अविनाश जी उपस्थित थे। उन्होंने इस प्रकार के केंद्र को महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलांबन के लिए अति महत्वपूर्ण बताया । इस अवसर पर सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री श्री राकेश जी भी उपस्थित रहे। उन्होंने सेवा भारती के द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सेवा भारती ,संस्कार ,स्वावलंबन,समरसता और स्वास्थ्य इन बिन्दुओ पर कार्य करती है ताकि एक स्वस्थ संस्कारवान और समरस समाज का निर्माण हो सके।

## आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**उत्तर असम प्रान्त** : सेवा भारती पूर्वांचल द्वारा खेतड़ी में पूर्वोत्तर विकास निगम लिमिटेड हस्तकला केंद्र में आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में श्री पी. मूर्तिजी (सीएमडी) श्री रामेन सरमा जी (अध्यक्ष) आयोजन सचिव सेवा भारती पूर्वांचल श्री सुरेंद्र तालखेड़कर जी, श्री असीम दास और अनीता देउरी कार्यक्रम में उपस्थित रहे । 15 मार्च से 24 मार्च तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को लेडीज बैग, पेन स्टैंड, टीफिन बैग, कैप, चॉकलेट बैग, वाटर बोतल बैग का प्रशिक्षण दिया गया । सेवा भारती महिला प्रमुख कु.अनीता देउरी और बबीता बैश्य और नेडफी श्री असीम दास जी के समन्वय से यह कार्यक्रम हुआ। जिसमें कुल प्रतिभागी -35, कुल गांव -25, कुल जिला -10 रहे ।

## कार्यकर्ताओं के सम्पर्क से बने आधार कार्ड



**अवध प्रान्त : सेवा भारती अवध । लखीमपुर खीरी**

निर्मल सेवा बस्ती में चलने वाले संस्कार केंद्र पर आने वाले बच्चों के परिवारों में कार्यकर्ताओं द्वारा सम्पर्क कर पता चला कि किसी भी सरकारी सेवा का लाभ बस्ती वालों को नहीं मिल रहा, जिसका मूल कारण शिक्षा व जागरूकता का अभाव था। बस्ती में अधिकांश परिवार बाल्मीकि समाज के हैं। सेवाभारती के कार्यकर्ताओं ने डाक अधीक्षक महोदय श्रीमान संजय गुप्ता जी से इस सम्बंध में चर्चा की तो उन्होंने इन बस्तियों में आधार सहित अन्य सभी योजनाओं में पंजीयन करने हेतु कर्मचारियों को भेजने के लिए सहमति प्रदान की।अतः सुभाष चन्द्र बोस जन्मजयंती अवसर पर आधार कैम्प लगाया गया और बड़ी संख्या में बस्ती के लोगों के आधारकार्ड बने। कैम्प का उद्घाटन जिला पूर्ति अधिकारी मान्यवर अंजनी कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## सेवा समाचार

### गुजरात प्रान्त

डॉ हेडगेवार जन्म शताब्दी सेवा समिति द्वारा अहमदाबाद में ज्ञानमंदिर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। रविदास जयंती के दिन कर्णावती स्थित डॉ बाबा साहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सीटी के कश्यप ऑडीटोरियम में कर्णावती पश्चिम में चल रहे 40 पाठदान केन्द्रों का वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम में श्री परागजी अभ्यंकर (अखिल भारतीय सेवा प्रमुख), इस्कोन मंदिर भाडज के पू. श्यामाचरण दासा, कर्णावती ख्यातमान गायनोकोलोजीस्ट डॉ पिनाकीन, डॉ अमी उपाध्याय (वी सी ओपन युनिवर्सीटी) व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रकल्प के अध्यक्ष श्री हरेशभाइ ठक्कर ने प्रकल्प का परिचय देते बताया कि ज्ञानमंदिर केवल शिक्षा नहीं अपितु संस्कार व समुत्कर्ष के ध्येय से कार्य करता है। यह प्रकल्प केवल बालकों का विकास नहीं अपितु बस्तियों के सर्वांगी विकास का आधार बन रहा है। कार्य का केवल संख्यात्मक नहीं अपितु गुणात्मक विकास के पूरे प्रयत्न हो रहे है। इस कार्यक्रम में ज्ञानमंदिर के बालकों ने देशभक्ति के गीत, प्रार्थनाएं, गरबें, विविध लोकगीत, विविध कृतियां व नाटिकाएं कर अपनी प्रतिभाओं का दर्शन करवायें। इसी कार्यक्रम में डॉ हेडगेवार जन्म शताब्दी सेवा समिति की वेबसाइट का लोकार्पण किया व ज्ञानमंदिर की विडीओ क्लिपिंग का निदर्शन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा भारती
www.rashtriyasewabharati.org
वर्ष 2023, कृष्ण पक्ष (बैशाख) विक्रम संवत - 2080, अप्रैल
ई बुलेटिन : मासिक पत्रिका

हाथरस : संत रविदास जयंती कार्यक्रम



ब्रज प्रान्त

गाजियाबाद जिला : सिलाई केंद्र



मेरठ प्रान्त

किन्नर समाज के साथ यज्ञ आयोजन



दिल्ली प्रान्त

चल चिकित्सा वाहन



दिल्ली प्रान्त

मेडिकल कैंप का शुभारम्भ



केरल प्रान्त

नि:शुल्क महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र



जम्मू कश्मीर प्रान्त

सेवा भारती खंड नरोरा बाल विकास केंद्र



मेरठ प्रान्त

अन्नपूर्णा योजना



कोंकण प्रान्त

नॉएडा में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र



मेरठ प्रान्त

## • कार्यवृत •

नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, उपेक्षित, अभावग्रस्त एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय -झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर के 903 जिलों में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 43045 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं।

**शिक्षा-16184** | **स्वास्थ्य-10513** | **सामाजिक-9543** | **स्वावलंबन-6805**

**कार्यालय पता**

**राष्ट्रीय सेवा भारती**

BD-37, गली न.14, फैज़ रोड,
करोल बाग, नई दिल्ली -110005
वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : rashtriyasewa@gmail.com
फोन न. : 011-46523618,
मोबाइल न. 09868245005

**BANK DETAILS FOR DONATION**

| | |
|---|---|
| Account Name: | Rashtriya Sewa Bharati |
| Account No. | 10080533451 |
| Bank Name: | State Bank of India |
| Branch Address: | Jhandewalan Extn. |
| IFSC: | SBIN0009371 |

राष्ट्रीय सेवा भारती को दिया गया दान, आर्थिक सहयोग
आयकर की धारा 80G के अंतर्गत आयकर मुक्त है